उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/1158
Date: 24/09/2026

# कोटेशन नोटिस

**विषय : विश्वविद्यालय परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु कोटेशन आमंत्रित सूचना** :–

महोदय/महोदया, अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर के बहुद्देशीय हॉल में निम्नलिखित कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक एवं पात्र फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों अपने कोटेशन में कार्य से संबंधित दरें दिनांक 01/10/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए, जिसके ऊपर स्पष्ट रूप से **विश्वविद्यालय परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में विभिन्न कार्यो के संपादन हेतु कोटेशन** अंकित होना आवश्यक होगा। कोटेशन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के अनुरक्षण विभाग में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि के भीतर जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

| क.सं | कार्य का विवरण | मात्रा/ इकाई | दर (रू0) | राशि (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पर्दों की मरम्मत एवं हैवी–ड्यूटी फ्रेमिंग बहुउद्देशीय हॉल में, 17 खिड़कियों के पर्दों को स्थायी रूप से सुरक्षित करने हेतु स्कैफोल्डिंग लगाकर हैवी–ड्यूटी एंगल फ्रेम के माध्यम से कसा जाना है। | 17 नग | | |
| 02 | मंच के सम्मुख एक छोर से दूसरे छोर तक जा रहे तारों की केबलिंग कवरिंग का कार्य। | एक जॉब | | |
| 03 | मंच की मेज हेतु टेबल क्लॉथ का निर्माण हॉल के मंच पर 7×3 फीट आकार की 02 मेजों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े से झालर युक्त आकर्षक टेबल क्लॉथ तैयार करने का कार्य | 7×3 फीट /02 मेज | | |
| 05 | गमला कवर का क्रय | 10 नग | | |
| 06 | सजावटी पौधे (एरेका पाम या तत्समान) | 10 नग | | |
| | कुल लागत | | | |

**नियम और शर्तें (Terms and Conditions)** :-

01. दर बिना GST के उद्धृत करनी होगी। जीएसटी को अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाई जानी चाहिए।
02. कोटेशन में दर्शाई गई दरें समस्त सामग्री, श्रम, उपकरण, परिवहन, लोडिंग-अनलोडिंग, सुरक्षा उपाय एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्ययों सहित पूर्ण एवं अंतिम मानी जाएंगी।

Teenpani Bypass,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/1150
Date: 24/9/2025

## कोटेशन नोटिस

03. समस्त मरम्मत कार्य मानक गुणवत्ता की, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक उपयोग योग्य सामग्री से किया जाएगा। मरम्मत में प्रयुक्त सभी सामग्री, पुर्जे एवं फिटिंग्स **नई, अप्रयुक्त तथा ISI mark/Standard Quality** की होंगी। निविदा का मूल्यांकन कार्य / सामग्री की कुल राशि पर ही किया जाएगा ।
04. फर्म का संगत कार्य में GST पंजीकरण अनिवार्य है। प्रमाण पत्र संलग्न करें।
05. क्रय समिति मार्केट सर्वे के आधार पर ही दरों का सत्यापन कर अंतिम निर्णय लेगी।
06. भुगतान कार्य निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का पाए जाने के उपरांत किया जाएगा।
07. कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ करना अनिवार्य होगा। आंशिक, अपूर्ण अथवा असंतोषजनक कार्य की स्थिति में विश्वविद्यालय को भुगतान रोकने अथवा कटौती करने अथवा प्रतिबंधित/ ब्लैकलिस्टेड करने का पूर्ण अधिकार होगा।
08. ठेकेदार कार्यस्थल पर अपने श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
09. दरें उपलब्ध करने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अनिवार्य है अतः कार्य के विवरण और स्थान के निरीक्षण के लिए, इच्छुक ठेकेदार कार्य दिवसों में अनुरक्षण अनुभाग से संपर्क करें। इच्छुक ठेकेदार को स्कोप ऑफ वर्क की जानकारी का सहमति प्रमाणन अनुरक्षण अनुभाग में करना होगा अन्यथा फर्म कि दरों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
10. कार्य की गुणवत्ता विश्वविद्यालय/अनुरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।
11. कार्य के दौरान विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुई किसी भी क्षति की पूर्ण भरपाई ठेकेदार द्वारा की जाएगी।
12. कोटेशन नोटिस मात्र दरों की जानकारी हेतु जारी किया जा रहा है। फर्म यह सुनिश्चित कर ले कि इस आधार पर क्रयादेश/ कार्यादेश पाने का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
13. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षितर हेगा तथा इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:**.................................................................................

- फर्म का नाम: ..........................................................(GST Number)........................................
- फर्म का पता: ...........................................................................................................
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): ..........................................................................................
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): .....................................................................................
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): ..............................................................................................

**अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति**